## सार-समाचार

### विज्ञान मेले का आयोजन

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिण्डौन सिटी में मंगलवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल तैयार कर प्रस्तुत किए और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने ट्रांसपोर्टेशन एंड कम्युनिकेशन, एग्रीकल्चरल मैनेजमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट, कंप्यूटेशनल थिंकिंग, मैथमेटिकल मॉडलिंग, डिजास्टर मैनेजमेंटतथामॉडल फॉर हैंडिकैप्डजैसे विषयों पर मॉडल बनाकर अपनी वैज्ञानिक सोच को सामने रखा। इसमें अथर्व जिंदल, तनिष्क जैन, काव्या धाकड़, पुलकित शर्मा, गजेंद्र सैनी, खुशबू सैनी, सिया जिंदल, आशी जिंदल, हिताक्ष जैन, गर्वित, रक्षित, दिव्यांश गर्ग, प्रशांत गोयल, लक्षिता धाकड़, एलिन, आरव गर्ग, सात्विक जैन, चीनीशा गोयल, वंशिता सिंगल, अर्णव गुप्ता, पीयूष सिंगल, हर्षिका गर्ग, सृष्टि, आराध्या शर्मा, वैष्णवी, राधिका गर्ग, त्रिशला शर्मा, हृदय गोयल, प्रखर बंसल, रिया जैन, काव्य गर्ग, लक्ष्य बंसल, सौम्या गर्ग, मनन गुप्ता, आयुष जैन, वीर सिंह शेखावत और आरव गोयल समेत कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासक अशोक शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती विकास शर्मा और प्रधानाचार्य वर्धमान जैन उपस्थित रहे। शिक्षकों में महेश चंद्र महावर, अमृता कपूर, जितेंद्र शर्मा, गुंजन मित्तल, लवलेश गुप्ता, शुभम वर्मा और बृजेश नागर मौजूद रहे। प्रधानाचार्य वर्धमान जैन ने सभी विद्यार्थियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक होते हैं। विद्यालय स्तर पर आयोजित इस मेले में विजेता विद्यार्थी आगामी जिला स्तरीय विज्ञान मेले में विद्यालय व शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को अल्पाहार वितरित किया गया।

### डांडिया व हास्य नाटक का आयोजन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में तहसील अग्रवाल महिला मंडल गंगापुर सिटी के तत्वाधान में युगल डांडिया प्रतियोगिता एवं हास्य नाटक का रंगारंग कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत महाराज अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथी उषा जिंदल रहीं। विशिष्ट अतिथियों में विद्या गुप्ता, क्षमा सिंघल, प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री सरोज गर्ग और विभिन्न महिला मंडलों की अध्यक्ष शैंामिल थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील महिला मंडल अध्यक्ष सुमन आर्य ने की। युगल डांडिया प्रतियोगिता में नीतू गुप्ता और दीपिका गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ललित गुप्ता और रुचि गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे। उर्मिला गोयल और ज्योति गोयल ने तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक की भूमिका नीलू गुप्ता और सुनीता गर्ग ने निभाई। हास्य नाटक प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की संयोजक रतन गुप्ता और शिमला गुप्ता थीं। मंच संचालन सुमन बंसल और अर्चना गोयल ने किया। महामंत्री मिथिलेश मित्तल और कोषाध्यक्ष मंजू गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया गया है। उदई मोड थाने के थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कर्मचारी कॉलोनी के पीछे नई प्लॉटिंग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खडा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। आरोपी की जींस की आंट से एक पुराना देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत कार्रवाई करते हुए हथियार जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जिंद बाबा मंदिर के पास कर्मचारी कॉलोनी गंगापुर सिटी निवासी अनिल कुमार गुप्ता उर्फ परमानंद (37) के रूप में हुई है।

### गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों का स्वागत

**करौली**, (निसं)। गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से दिव्य ज्योति कलश यात्रा की अनुयाज गोष्ठी हेतु करौली पहुँचे प्रतिनिधियों का विश्व हिंदू परिषद द्वारा गायत्री धाम करौली में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विहिप के धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधि जेपी चौधरी, गौरी शंकर, ओ.पी. अठावाल, नरेंद्र जोशी (भरतपुर) एवं बहादुर सिंह सोलंकी (हिंडौन) का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। स्वागत करने वालों में विहिप के जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह, धर्म प्रसार प्रमुख महामंडलेश्वर राजेंद्र प्रसाद शर्मा, धर्म प्रचार प्रमुख ओमप्रकाश सिंह (रामपुरा) एवं प्रांत प्रतिनिधि गजानंद शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि गत माह गायत्री परिवार द्वारा करौली जिले की विभिन्न तहसीलों व ग्राम स्तरों पर धर्म जागरण के उद्देश्य से दिव्य ज्योति कलश यात्रा निकाली गई थी। यह यात्रा 19 अगस्त को जिला मुख्यालय पहुँची जहाँ विश्व हिंदू परिषद ने इसका भव्य स्वागत किया। अब इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए गायत्री परिवार के प्रतिनिधि जिले के विभिन्न स्थानों पर अनुयाज गोष्ठियाँ आयोजित कर रहे हैं।इस अवसर पर विहिप के जिला अध्यक्ष स एमएमचौरजी सिंह ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और धर्म जागरण का कार्य करने वाली संस्थाओं, साधु-संतों व कथावाचकों के इस पुनीत प्रयास का परिषद पूर्ण सहयोग करती रही है और भविष्य में भी करती रहेगी।कार्यक्रम में गायत्री परिवार के जिला संयोजक प्रकाश चंद्र गुप्ता, महिला संयोजक रेखा वर्मा, प्रवक्ता राजेंद्र दीवान, विहिप के प्रदीप सिंह (कोटा छावर), रणवीर सिंह (जखोदा), हाकिम सिंह (चांदपुरा), पूर्व सरपंच भगवती लाल मीणा (कसारा) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सड़क की जर्जर हालत

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में श्योराना से कुम्हा तक जाने वाला मार्ग लोगों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बन चुका है। लगभग 2 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और टूटे हुए हिस्से दिखाई देते हैं। सड़क की जर्जर हालत के चलते आमजन को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में पानी भरने से वाहनों और राहगीरों के लिए खतरा और बढ़ जाता है। कूम्हा निवासी राहुल फौजदार ने बताया कि खराब सड़क के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यह मार्ग सेवर से श्योराना होते हुए कुम्हा, दौयापुर, ऊंचा गांव, एक्टा, होते हुए लगभग एक दर्जन गांव तक के लोगों इस मार्ग से स्कूल बसें और बच्चों को ले जाने वाले वाहन गुजरते हैं। कई बार बच्चे पैदल ही इसी मार्ग से स्कूल आते-जाते हैं। इसके अलावा, मरीजों को अस्पताल ले जाने वाली एंबुलेंस को भी इस जर्जर सड़क से होकर ही गुजरना पड़ता है, जिससे जान का खतरा हमेशा बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर डामर नाम की कोई चीज नजर नहीं आती। सड़क के नाम पर केवल गिट्टी और गड्ढे ही बचे हैं। रोजाना इस मार्ग से लगभग एक दर्जन गांवों के लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए आते-जाते हैं, लेकिन खराब रास्ता हर किसी की मुश्किलें बढ़ा रहा है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से तत्काल ध्यान देने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले समय में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है, जिसे दुरुस्त करना बेहद जरूरी है।

### एक गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

**करौली**, (निसं)। करौली कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक चोर सहित दो बाल अपचारियो को निरूद्ध कर उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद कर ली हैं। ज्ञात रहे की गत 2 सितंबर को नीरज कुमार पुत्र नरेश अठावाल निवासी भूडारा बाजार हाल निवासी पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल करौली ने कोतवाली थाने पर मोटरसाइकिल चोरी चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस में कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल चोर खुशीराम पुत्र रामराज गुर्जर निवासी मठ रायपुर थाना वजीरपुर को गिरफ्तार कर उसके सहयोगी दो बाल अपचारियो को निरूद्ध किया गया है जिनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद कर ली है और उनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

### मोरडा में रात्रि चौपाल आज

**करौली**, (निसं)। 16 सितम्बर (निंसं.) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि 17 सितम्बर बुधवार को सांय 6:30 बजे से टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोरडा में रात्रि चौपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी।

# सेवा शिविरों में आमजन को मौके पर मिले लाभ : चौधरी

**■ जिला कलक्टर ने ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरोंकी वीसी के माध्यम से की समीक्षा**

**भरतपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चलाये जाने वाले सेवा शिविरों में सभी विभाग सक्रियता से भागीदारी निभाते हुये आमजन को मौके पर ही लाभान्वित करते हुये समस्याओं का त्वरित निराकरण करें।

जिला कलक्टर 17 सितंबर से जिले में प्रस्तावित ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुये वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवा शिविरों के दौरान विभागों को जो भी कार्य किये जाने हैं उनकी तैयारी कर शिविरों से पूर्व पात्रता के आधार पर लोगों का चयन करें तथा शिविर में मौके पर ही लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में वार्डवार आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिये कचरा संग्राहण वाहनों से नियमित प्रचार प्रसार किया जाये। सभी क्षेत्रों की समस्याओं को चिन्हित करने के लिये टीम को लगाकर आम लोगों से सम्पर्क करें। उन्होंने आवासीय पट्टा वितरण, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के पात्रजनों को लाभान्वित करना, सामाजिक सुरक्षा योजना का सत्यापन शतप्रतिशत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिविरों के दौरान क्षेत्र की नालियों की सफाई, सडकों के पेचवर्क एवं नवीन योजनाओं की जानकारी जैसे कार्य भी किये जायें।

जिला कलक्टर ने ग्रामीण सेवा शिविरों में राजस्व विभाग को फार्मर पंजीयन, गिरदावरी, कुरजात रिपोर्ट, 136 की शुद्धिकरण, जाति व मूल निवास प्रमाण प्रत्र तथा राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने पंचायत राज विभाग को सांसद व विधायक निधि के लम्बित कार्यों को पूरा कराने, पात्रजनों को स्वामित्व पट्टा वितरण एवं सम्पूर्ण स्वच्छता के तहत निर्देशों के अनुरूप अधिक से अधिक कार्य सम्पादित करने की बात कही। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सत्यापन, श्रम विभाग की टूलकिट योजना में लाभ देने, पशुपालन विभाग को पशु स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण व मंगला पशुबीमा योजना का लाभ देने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग जलभराव क्षेत्रों को चिन्हित कर पानी निकासी के लिये कार्य करें, बांधों, एनिकटों की उॅचाई बढाने व क्षतिग्रस्त बांधों के प्रस्ताव तैयार करायें। उन्होंने कृषि विभाग को योजनाओं की जानकारी देकर बीज मिनीकिट वितरण के लिये पात्रजनों को चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रसद विभाग खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के एलपीजी कनेक्शन की सीडिंग कार्य, गिव अप अभियान का सत्यापन भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग न्यूट्रेशन किट के लिये गर्भवती महिला पंजीकरण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से पात्रजनों को लाभान्वित करने का कार्य करें। उन्होंने सभी विभागों को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के शिविरों में योजनाओं की जानकारी के पम्पलेट व पोस्टर प्रदर्शित करने, शिविर आयोजन से पूर्व जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों को सूचना देने, शिक्षण संस्थाओं में अभियान के दौरान किये जाने वाले कार्यों का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिविरों में राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन के लिए मौके पर ईमित्र, डीड राइटर एव सत्यापन करने वाले को भी उपस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को पीएम किसान योजना एवं कृषि विभाग की योजनाओं के भी जानकारी देकर नवीन सहकारिता के कानून एवं किसान हेतु योजनाओं का भी प्रचार प्रसार करें।

इस अवसर पर बीडीए कमिश्नर कनिष्क कटारिया, जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी, नगर निगम कमिश्नर श्रवण विश्नोई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेल लाइन के सर्वेक्षण को मिली स्वीकृति

**करौली**, (निसं)। रेलवे बोर्ड ने सरमथुरा-गंगापुर सिटी नई रेलवे लाइन परियोजना के लिए अन्तिम लोकेशन सर्वे को स्वीकृति प्रदान कर दी है स अब धौलपुर 'सरमथुरा आमान परिवर्तन के अलाबा सरमथुरा-गंगापुर सिटी नई रेलवे लाइन का कार्य आगे बढ़ने का सिलसिला शुरू हों सकेगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत रेल परियोजना की क्रियान्वित में हो रहे विलंब को लेकर रेल विकास समिति के महासचिव वेणुगोपाल शर्मा द्वारा चाही गई जानकारी लेने के लिए रेल मंत्रालय में परिवेदना प्रस्तुत की थी स रेल मंत्रालय निर्माण विभाग के कार्यकारी निर्देशक विवेक कुमार ने बताया कि धौलपुर-सरमथुरा आमान परिवर्तन परियोजना के तहत 69.1 किलोमीटर कार्य प्रगति पर है इसके लिए 245 896 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है जिसे परियोजना को पूरा करने के लिए अधिग्राहित किया जाएगा स रेल लाइन के लिए कुछ हिस्सों में भूमि अधिग्राहण कार्य प्रगति पर है, फिर भी उपलब्ध भूमि पर कार्य किया जा रहा है सरमथुरा से गंगापुर सिटी तक 75.64 किलोमीटर के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया अभी चल रही है।

# शहर सेवा शिवर आज से

**करौली**, (निसं)। नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीना ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में शहर सेवा शिविर का आयोजन 17 सितंबर से होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिविरों का समय प्रात :9:30 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है।

आयुक्त ने बताया कि यह शिविर 17 सितंबर को वार्ड संख्या 3, 4, 5, 6 के लिए नवीन नगर परिषद भवन, सिटी पार्क के पीछे, 18 सितंबर को वार्ड संख्या 8, 9, 10, 11 के लिए राउप्रावि नम्बर 06 शिकारगंज, 23 सितंबर को वार्ड संख्या 16, 46, 47 के लिए अम्बेडकर भवन रणगवां ताल, 24 सितंबर को वार्ड संख्या 18, 19, 20 के लिए नवीन नगर परिषद भवन, सिटी पार्क के पीछे, 25 सितंबर को वार्ड संख्या 12, 13, 14, 17 के लिए अम्बेडकर पार्क, अम्बेडकर सर्किल के पास, 29 सितंबर को वार्ड संख्या 27, 28, 29, 36, 37, 38 के लिए ब्राह्मण धर्मशाला में शिविर आयोजित किये जाएंगे।इसी प्रकार 1 अक्टूबर को वार्ड संख्या 23, 24, 32 के लिए राउप्रावि नम्बर 08, 6 अक्टूबर को वार्ड संख्या 21, 22, 30 के लिए राउमा कन्या विद्यालय, वजीरपुर गेट करौली, 7 अक्टूबर को वार्ड संख्या 31, 33, 34 के लिए संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, श्री मदनमोहन जी मंदिर के पास, 8 अक्टूबर को वार्ड संख्या 25, 26, 35 के लिए बापू बाल विद्यालय, 9 अक्टूबर को वार्ड संख्या 7, 15, 39, 44, 45 के लिए नवीन नगर परिषद भवन, सिटी पार्क के पीछे, 14 अक्टूबर को वार्ड संख्या 40, 41, 42, 43 के लिए नवीन नगर परिषद भवन, सिटी पार्क के पीछे, 15 अक्टूबर को वार्ड संख्या 48, 49, 50, 51 के लिए पंच फरेटिया धर्मशाला, नवीन सब्जी मंडी के पास, 16 अक्टूबर को वार्ड संख्या 1, 2, 52, 53, 54, 55 के लिए स्व. त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन शिवरों में अधिक से अधिक आमजन को लाभान्वित कर राहत प्रदान की जाए और शिवरों को सफल बनाया जाए। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि इस अभियान के कार्यक्रम प्रभारी सहायक अभियंता विकास मीना हैं, और कार्यक्रम सह प्रभारी कनिष्ठ अभियंता दिनेश चंद हैं। उन्होंने नगर परिषद ने सभी वार्डों के निवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। नगरपरिषद आयुक्त ने बताया कि इन शिवरों के दौरान शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार एवं ब्लैक स्पॉटों की समाप्ति, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था के तहत बंद पड़ी लाइटों को चालू करना, राईजिंग राजस्थान के प्राप्त निवेश प्रस्तावों हेतु भूमि चिन्हीकरण, स्वीकृतियाँ, जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, साइनज लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, ओएफसी मोबाइल टावर एनओसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र आदि जारी करना, नमो पार्क का विकास एवं सड़क मरम्मत, पैचवर्क, आवारा पशुओं को पकड़ना, पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण कर, विकसित करना, नालियों की मरम्मत, फेरो कवर व मेन हॉल्स की मरम्मत, सीवर लाइन के लीकेज की मरम्मत, पीएम एवं सीएम स्वनिधि योजना के तहत आवेदन प्राप्त कर ऋण वितरण, कृषि भूमि पर बसी आबादियों के लिए लीज होल्ड, फ्री होल्ड पट्टे जारी करना, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण एवं नाम हस्तांतरण, निकायों की योजनाओं में विक्रय आवंटित भूमि, भूखंड के लीज होल्ड, फ्री होल्ड पट्टे जारी करन, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे (आवंटन नीति, कच्ची बस्ती, स्टेट ग्रांट के पट्टे, नियम 1974 के नियम 18 से 19 में आबंटित भूमि को छोड़कर), अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन आदि कार्य किए जाएंगे।

# बाजरे की कटाई करते समय सर्पदंश से युवक की मौत

**■ राष्ट्रीय आदिवासी मीणा महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी हेमराज ने परिवार को ढांढस बंधाया, परिजनों ने किए नेत्रदान**

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। गांव बझेड़ा के छात्र गोलू जाटव (18) की सोमवार सुबह खेत में बाजरे की कटाई करते समय सर्पदंश से मौत हो गई। परिजनों ने गोलू के नेत्र दान कर दिए।

जानकारी के अनुसार, गोलू सुबह करीब 6 बजे अपने माता-पिता के साथ खेत में बाजरे की कटाई कर रहा था। इसी दौरान घास के झुरमुट में छिपे कांमनकरैतप्रजाति के जहरीले सर्प ने उसे दंश मार दिया। शुरू में परिवारजन इसे मामूली समस्या मानकर घरेलू इलाज करते रहे, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर उसे हिंडौन के राजकीय अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर रेफर किया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।गोलू के पिता रामगिलास जाटव गंभीर बीमारी से लंबे समय से पीडित हैं, जबकि उसकी मां पुष्पा देवी मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रही थीं। बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इसी बीच, बझेड़ा निवासी डॉ. केशव मीना की प्रेरणा से परिजनों ने मृतक गोलू के नेत्र दान कर दिए। समाजसेवी एवं राष्ट्रीय आदिवासी मीणा महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी हेमराज जगरवाड ने परिवार को ढांढस बंधाया और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बी.एल. मीणा कटकड से फोन पर बात कर पीड़ित परिवार को मदद दिलाने का आश्वासन दिया। सर्पमित्र रबी मीना (नयागांव) और लोकेश मीना (कारवाडमीना) ने बताया किकांमन करैत प्रजाति को "साइलेंट किलर" कहा जाता है। इसके दंश का पता शुरू में नहीं चलता और धीरे-धीरे शरीर के फेफडे काम करना बंद कर देते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सर्पदंश की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचें, न कि झाड़-फूंक और अंधविश्वास के चक्कर में समय गवाएं। गांव में गोलू की मौत से शोक की लहर है और लोग प्रशासन से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की मांग कर हैं।

## जीएसटी कम होने के बताए फायदे

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी में कमी कर आमजन को राहत दी है। इससे आने वाले समय में साबुन, टूथपेस्ट और शैम्पू जैसी रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी।

जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल ने कहा कि ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर कर घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे खेती की लागत कम होगी। स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी वस्तुओं पर टैक्स समाप्त कर दिया गया है।

भाजपा महामंत्री विनोद अटल के अनुसार पहले की जटिल कर व्यवस्था को अब दो स्तरों में बांटा गया है जिसमें 5 प्रतिशत और 18प्रतिशत स्लेब है। इससे व्यापार सरल हुआ है। जिला सह संयोजक हेमंत गुप्ता ने बताया कि कर संग्रह में वृद्धि हुई है।

# 'खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती, खेल को खेल की भावना से खेला जाए'

**■ विशेष योग्यजन की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

**करौली** (निंसं.) राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विशेष योग्यजन के लिए पूर्ण रूप से समर्पित विधिक जागृति की निरन्तरता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जिला, सभाग एवं राज्य स्तर पर सामुहिक प्रतियोगिताओं में कबड्डी व वॉलीबॉल एवं एकल प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, बेडमिन्टन, कैरम, चैस, टेबल टेनिस, पेटिंग/चित्रकला का आयोजन सभी स्पेशल विद्यालयों, सरकारी व गैर सरकारी सस्थानों के 8 वर्ष की आयु से 18 वर्ष की आयु या मानसिक मंदता में 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष रूप से सक्षमजन को सम्मिलित करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन मंगलवार को त्रिलोक चन्द माथुर स्टेडियम करौली में किया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती ममता चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चौधरी ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती है. खेल को खेल की भावना से खेला जाए। खेल प्रतियोगिता हमारे लक्ष्य व हमारी खेल की भावना को जागृत करने के लिए है। जो भी प्रतिभागी खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे ह वे अपने आप में ही एक विजेता हैं।

साथ ही बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विजेता प्रमाण पत्र, मेडल एवं नकद पुरस्कार दिया जाना प्रस्तावित है। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में से संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु चयन किया जावेगा एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के पश्चात राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु चयन किया जावेगा।त्रिलोक चन्द माथुर स्टेडियम में कबड्डी, लम्बी कूद, बैडमिन्टन, कैरम व पेन्टिंग /चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कबड्डी में नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय एकट बोधग्राम करौली की टीम प्रथम, ब्लॉक करौली की टीम द्वितीय व नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय एकट बोधग्राम की टीम तृतीय स्थान पर रही। लम्बी कूद (छात्र वर्ग) में प्रथम स्थान पर लोकेश गुर्जर द्वितीय स्थान पर दीपक कुमार व तृतीय स्थान पर खेमराज माली रहे।

लम्बी कूद छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर पूनम कुमारी सैनी रही। बैडमिन्टन में प्रथम स्थान पर समीर व द्वितीय स्थान पर शिवम कुमार रहे। कैरम (छात्र वर्ग) में प्रथम स्थान पर जयपाल, द्वितीय स्थान पर लवकुश माली व तृतीय स्थान पर ऋषि कुमार रहे। कैरम (छात्रा वर्ग) में प्रथम स्थान पर कृष्णा मीना, द्वितीय स्थान पर ज्योति बाई व तृतीय स्थान पर पिंकी माली रही। पेटिंग / चित्रकला (छात्रा वर्ग) में प्रथम स्थान पर पिंकी माली व द्वितीय स्थान पर संजना रही एवं पेटिंग/चित्रकला (छात्र वर्ग) में प्रथम स्थान पर राजेश जांगिड व द्वितीय स्थान पर अभिषेक खारवाल रहे।इस अवसर पर गोपाल प्रसाद मीना मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, रमेश गुप्ता जिला खेल अधिकारी, इन्देश तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, राधारमण शर्मा उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक, मानसिंह मीना उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) स्काउट गाईड करौली से अनिल गुप्ता, शारीरिक शिक्षक डॉ. शिवेन्द्र दुबे, वेदरत्न जैमिनी, महेंद्र गौतम,सैय्यद फजले अहमद, श्रीमती सुनीता मीना एवं एकट बोध ग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा, शारीरिक शिक्षक गोपाल चतुर्वेदी व अध्यापक अमरेश सिंह एवं स्काउट गाईड व मॉडर्न स्कूल करौली के छात्र एवं स्टेडियम करौली के कर्मचारी जुगल किशोर शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### शहद उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

**नदबई/भरतपुर**, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा पंच गौरव योजनांतर्गत एक जिला एक उपज के रूप में भरतपुर स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाले शहद का चयन किया गया है। राज्य सरकार द्वारा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत आज पंचायत समिति नदबई के गांव पहरसर में भरतपुर हनी फैड किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्त्वाधान में एक दिवसीय प्रचार-प्रसार और कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनक राज मीणा उप निदेशक उद्यान ने उपस्थित किसानों / मधुमक्खी पालकों को बताया कि सरकार द्वारा उद्यान विभाग के माध्यम से भरतपुर जिले में कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए मधुमक्खी पालन कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके तहत कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा मधुमक्खी पालन के लिए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने पर इकाई लागत का 75: अनुदान देय होगा। इसके तहत मधुमक्खी पालन संबंधी संबंधित निर्धारित मधुमक्खी बॉक्स, मधुमक्खी कॉलोनी, मधुमक्खी पालन किट तथा अन्य आवश्यक सामग्री खरीद कर किसानों को किराए पर उपलब्ध कराने का प्रावधान है। मीना ने उद्यान विभाग द्वारा सामान्य किसानों को मधुमक्खी पालन पर सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। योगेश कुमार शर्मा संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग भरतपुर संभाग ने उपस्थित किसानों को बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा भरतपुर जिले के मधुमक्खी पालकों को ध्यान में रखते हुए की गई बजट घोषणा में, मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र स्वीकृत किया गया था। यह केन्द्र पंचायत समिति सेवर के गांव मई गूजर में 9.83 हेक्टेयर क्षेत्र में खोला जाएगा। जिसमें किसानों को मधुमक्खी पालन से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण, शहद प्रसंस्करण, शहद की गुणवत्ता की जांच तथा निर्यात इत्यादि की पूरी जानकारी मिल सकेगी। शर्मा ने किसानों को ग्रीन हाउस, सोलर पंप सेट, बूंद बूंद सिंचाई योजना, फव्वारा संयंत्र, मिनी फव्वारा संयंत्र, फल बगीचों की स्थापना इत्यादि की जानकारी और इन योजनाओं में राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों और मधुमक्खी पालकों से निवेदन किया कि, उद्यान विभाग भरतपुर से संपर्क कर इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने साथियों को भी प्रेरित करें। भरतपुर हनी फैड एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रपाल सिंह द्वारा उपस्थित अधिकारियों, मधुमक्खी पालकों तथा किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि भरतपुर जिले में यह संगठन एकमात्र एफपीओ है। शहद उत्पादकों तथा मधुमक्खी पालकों के लिए काम कर रहा है। हम सभी प्रयासरत हैं कि यह एफपीओ दिनों-दिन तरक्की करे ताकि मधुमक्खी पालकों और शहद उत्पादकों को वास्तविक लाभ मिल सके।

### संदिग्ध बैंक खातों की जांच, दो गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने बडी कार्रवाई की है। उदेई मोड थाना पुलिस ने तीन संदिग्ध बैंक खातों की जांच के बाद दो खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में भारतीय स्टेट बैंक शाखा उदेई मोड में एक संदिग्ध खाते की जांच की। इस खाते में विभिन्न राज्यों से 4 लाख 9 हजार 800रुपए की ठगी की रकम जमा हुई थी। खाता लज्जा देवी का था, जिसने इसे कमीशन के लिए शाहरुख खान को दे दिया था। जांच में पता चला कि शाहरुख ने सागर खत्री के कहने पर यह काम किया। शाहरुख के दूसरे खाते में भी 10 लाख 72 हजार 394 रुपए की ठगी की राशि मिली। दोनों खाताधारकों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कमीशन के लिए अपने खाते ठगी के लिए दिए थे। भारतीय ओवरसीज बैंक में एक और संदिग्ध खाता मिला। इसमें 1 लाख 9 हजार रुपए की ठगी की राशि थी। यह खाता राहुल कुमार बैरवा का था, जो पुलिस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही फरार हो गया। पुलिस ने लज्जा देवी (27) और शाहरुख खान को गिरफ्तार कर लिया है। सागर खत्री और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना कोतवाली गंगापुर सिटी के थानाधिकारी करण सिंह मामले की जांच कर रहे हैं।

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया गया है। उदई मोड थाने के थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कर्मचारी कॉलोनी के पीछे नई प्लॉटिंग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खडा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। आरोपी की जींस की आंट से एक पुराना देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत कार्रवाई करते हुए हथियार जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जिंद बाबा मंदिर के पास कर्मचारी कॉलोनी गंगापुर सिटी निवासी अनिल कुमार गुप्ता उर्फ परमानंद (37) के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल राजेश खन्ना, कॉन्स्टेबल राजाराम और कॉन्स्टेबल सुमरन सिंह शामिल थे।

### कार्यकर्ता गोष्ठी का हुआ आयोजन

**करौली**, (निसं)। स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में निकाली गई दिव्य ज्योति कलश जन जागरण रथ यात्रा की एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यकर्ता अनुयाज गोष्ठी का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि गोष्ठी को संबोधित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार में राजस्थान जोन के प्रभारी गौरी शंकर सैनी ने कहा कि रथ यात्रा के माध्यम से वेदमाता गायत्री की चेतना, अखण्ड ज्योति की दिव्य ऊर्जा को जन जन तक पहुंचा कर लोक शिक्षण का कार्य किया गया अब प्रत्येक कार्यकर्ता को उन क्षेत्रों में सतत् सम्पर्क रख कर भली सोच और अच्छी चाह के जन समूह तैयार करने हैं। जिससे समाज में परिवर्तन हो।गोष्ठी में राजस्थान जोन समन्वयक ओमप्रकाश अठावाल ने कहा कि रथ यात्रा द्वारा गली मोहल्ले में गायत्री मंत्र गूंज उठा है अब प्राणवान कार्यकर्ता को ज्योति से ज्योति जला कर लोगों में आस्था का जागरण करना है।इसी क्रम में राजस्थान जोन सह प्रभारी जे पी चौधरी ने कहा कि समाज को असुरता से बचाने की की सामर्थ्य युगशक्ति गायत्री में विद्यमान है इसे घर घर तक पहुंचाना है।गोष्ठी में अनुयाज कार्य के लिए टोलियों का गठन कर कार्य योजना तैयार की गई तथा राजस्थान गायत्री परिवार के रचनात्मक कार्यों के प्रचार प्रसार हेतु प्रकाशित किए जा रहे पाक्षिक राजस्थान प्रज्ञा अभियान समाचार पत्र के प्रथम अंक की प्रतियां वितरित की गई। गोष्ठी का संचालन भरतपुर उपजोन समन्वयक नरेन्द्र कुमार जोशी ने किया। विश्व हिन्दू परिषद जिलाअध्यक्ष चौरजी सिंह, नरेन्द्र सिंह जादौन, राजेन्द्र शर्मा, आदि ने ने शांतिकुंज प्रतिनिधियों का अंगवस्त्र ओढा कर अभिनन्दन किया तथा भारतीय सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार, धर्म जागरण व समाज सुधार के कार्यों में सहयोग करने का विश्वाश दिलाया।गोष्ठी में मुख्य प्रबंध न्यासी बल्लभ पंसारी, जिला संयोजक प्रकाश गुप्ता, बहादुर सिंह सोलंकी, मुकेश गुप्ता, महिला संयोजक रेखा वर्मा, सुनीता सर्राफ, रंजना भारद्वाज, मंजूलता, रमेश वर्मा, रेखा गुप्ता, गोपाल शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आमसभा आज

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रवाल-खंडेलवाल समाज के वरिष्ठ नागरिकों एवं पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक में हाल ही में अग्रवाल-खंडेलवाल धर्मशाला में अध्यक्ष के साथ कुछ लोगों द्वारा की गई मारपीट और बदसलूकी के विरोध में दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने को लेकर दोनों समाजों में गहरा रोष व्यक्त किया गया। महामंत्री कुंदन गर्ग ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज की एक संयुक्त आमसभा 17 सितंबर प्रातः 8.30 बजे पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। बडी संख्या में अग्रवाल-खंडेलवाल समाज के सदस्य महिलाएं शामिल होकर प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ आवाज उठाएंगे।

राजस्थान सरकार
प्रपत्र संख्या 7 (देखिए नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर खण्ड भरतपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 94 स 2025
चूंकि कार्यवाहक सचिव / मंत्री श्री अभिषेक गुप्ता पुत्र श्री बाबूलाल गुप्ता 87, बालमंदिर कॉलोनी, सवाईमाधोपुर (राज.) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत श्री प्रहलाद गुप्ता स्मृति वेलफेयर सोसायटी सवाईमाधोपुर (राज.) प्रन्यास के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे, इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिवस के भीतर उक्त जांच के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
नोटिस आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मौहर के अधीन जारी किया गया।
प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 19.11.2025 है।
मोहर अदालत
(मुकेश कुमार मीना)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर

